## एक नजर में

### भारतीय पत्रकार संघ एआईजे के दीपक विश्वकर्मा बने जिला सचिव



**धार ।** जिले के भारतीय पत्रकार संघ विंग संगठन विस्तार की दिशा में सक्रिय भारतीय पत्रकार संघ द्वारा धार जिले में नई नियुक्ति की घोषणा की गई है। यह बताते हुए प्रसन्नता एवं विश्वास का अनुभव हो रहा है कि आपके दीर्घकालीन पत्रकारिता अनुभव को देखते हुए तथा पत्रकार हितों के प्रति आपकी प्रतिबद्धता को दृष्टिगत रखते हुए आपको एसोसिएशन ऑफ इंडियन जर्नलिस्ट की जिला इकाई में *जिला सचिव धार दिपक विश्वकर्मा के पद पर नियुक्त किया जाता है। यह नियुक्ति राष्ट्रीय अध्यक्ष विक्रम सेन की सहमति से विधिवत् प्रभावी की जा रही है। विदित हो कि एसोसिएशन ऑफ इंडियन जर्नलिस्ट (द्धछ्र) विगत 12 वर्षों से देशभर में पत्रकारों के अधिकारों की रक्षा, सम्मान, सुरक्षा, संगठनात्मक एकता तथा कल्याण हेतु सतत रूप से कार्यरत है। आपसे अपेक्षा की जाती है कि आप अपने दायित्व अनुसार संगठन का विस्तार एवं सुदृढ़ीकरण करेंगे, पत्रकारों की समस्याओं के समाधान हेतु सक्रिय भूमिका निभाएंगे। संगठन की नीतियों, उद्देश्यों एवं अनुशासन का पालन सुनिश्चित करेंगे। यह नियुक्ति तत्काल प्रभाव से लागू होगी तथा आपका कार्यकाल संगठन के नियमों एवं निर्देशों के अधीन रहेगा। आपके सफल कार्यकाल एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना करता हूं। समस्त पत्रकारों ने दी बधाई देते हुए सफल कार्यकाल की शुभकामनाएं दी हैं। धार जिले में संगठनात्मक मजबूती की दिशा में यह नियुक्ति अहम मानी जा रही है।

### भारतीय मानव अधिकार सहकार ट्रस्ट की सरदारपुर तहसील कार्यकारिणी की बैठक आयोजित




**सरदारपुर ।** 18 फरवरी को राष्ट्रीय अध्यक्ष सुनील सिंह यादव एवं राष्ट्रीय कार्यकारिणी की उपस्थिति में सरदारपुर तहसील की कार्यकारिणी की बैठक स्थानीय गायत्री शक्ति पीठ प्रांगण में आयोजित की गई।इस बैठक में नव नियुक्त सदस्यों को सम्मानित कर उनके आई,, डी, कार्ड प्रदान किए गए। राष्ट्रीय अध्यक्ष सुनील सिंह यादव ने अपने प्रेरणा दायक उद्बबोधन में समस्त कार्यकारिणी के सदस्यों एवं पदाधिकारियों को जन कल्याणकारी गतिविधियों एवं जन जागरूकता अभियान के क्रियान्वयन के लिए अपील की गई।राष्ट्रीय संयोजक प्रेम कुमार वैद्य ने संगठन के नियमावली की विस्तृत जानकारी दी। प्रदेश विधि प्रभारी भारद्वाज उपाध्याय ने अपने स्वागत भाषण में संगठन के कार्यों के बारे में विचार व्यक्त किए, कार्यक्रम का शुभारंभ वेद माता गायत्री की पूजा अर्चना मंत्र उच्चारण एवं सरस्वती वंदना से किया गया । कार्यक्रम में धार जिला अध्यक्ष योगेंद्र तिवारी धार जिला सचिव कैलाश चंद्र बघेल सरदारपुर तहसील अध्यक्ष सीता शर्मा एवं तहसील सचिव साधना उपाध्याय एवं राजोद नगर अध्यक्ष अनंता उपाध्याय आदि अन्य सदस्य उपस्थित रहे।कार्य संचालन इंदौर संभाग विधि प्रभारी प्रवीण कुमार शर्मा द्वारा किया गया।

### भारत बिल्डोथान प्रतियोगिता में जैन पब्लिक विद्यालय बदनावर ने की सहभागिता



धार. भारत बिल्डोथान 2025 के तहत शिक्षा मंत्रालय और नीति आयोग के अटल इनोवेशन मिशन (द्धरू) द्वारा कक्षा 6टी से 12वीं तक के विद्यार्थियों के लिए आत्मनिर्भर भारत, स्वदेशी, वोकल फॉर लोकल और समृद्धि जैसे विषयों पर प्रोजेक्ट बनाकर छात्रों में नवाचार और समस्याओं के समाधान के कौशल को बढ़ावा देने हेतु एक ऑनलाइन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। इसमें संस्था श्री राज राजेंद्र सूरी शताब्दी जैन पब्लिक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के होनहार विद्यार्थियों कु. वर्तिका सिंह जादौन, श्रद्धा राठौड़, मोहित राठौड़, देवेंद्र सिंह चंद्रावत* ने विद्यालय की शिक्षिका सुश्री* खुशीव्यास* के निर्देशन में एक टीम बनाकर ऑनलाइन प्रतियोगिता में भाग लिया था ।उक्त प्रतियोगिता में सहभागिता कर सफल रहने सभी को शिक्षा मंत्रालय द्वारा ऑनलाइन प्रमाण पत्र प्रदान किए गए । इस अवसर पर विवेकानंद ग्रुप आफ स्टडीज के निदेशक श्री ओवैस काजी एवं एकेडमिक प्रभारी लाखन सिंह चावड़ा ने शिक्षिका एवं सभी बच्चों को इस सफलता पर शुभकामनाएं प्रेषित कर उज्जवल भविष्य की कामना की।यह जानकारी *डॉ विक्रम पाटीदार ने दी।

### बदनावर विधानसभा क्षेत्र की 5 सड़क बजट में शामिल

**बदनावर ।** मध्य प्रदेश सरकार के नवीन बजट में बदनावर विधानसभा के लिए सड़कों की सौगात मिली है। पूर्व कैबिनेट मंत्री राजवर्धन सिह दत्तीगांव के विशेष प्रयासों के चलते बजट में क्षेत्र की 5 सड़कों को शामिल किया गया है। लोक निर्माण विभाग द्वारा जारी बजट प्रावधानों के अनुसार बदनावर विधानसभा क्षेत्र में प्रस्तावित 5 निर्माण कार्यो के लिए कुल 93 करोड 57 लाख रुपए का प्रावधान शामिल किया गया है। लोक निर्माण विभाग द्वारा अपरीक्षित मद के रूप मे 5 सडको को शामिल किया गया है। सबसे लंबी 32 किलोमीटर की एसएच 52 लेब? नयागांव फोरलेन कानवन फाटे से भैंसोला तक 32 किलोमीटर लंबी स?क के लिए 72 करोड 80 लाख रुपए का प्रावधान शामिल किया है। इसके अलावा पिपलिया मनासा मार्ग 3.10 किलोमीटर 6.20 करो?, मुलथान पहुंच मर्ग .60 किमी 1.50 करो?, संदला पीपलीपाडा मार्ग 2 किलोमीटर को भी बजट में शामिल किया गया है। यह मार्ग 4 करो? लॉगत से तैयार होगा। इसके अलावा विभाग द्वारा लेब? नयागांव फोरलेन स्थित दत्तीगारा फाटे पर दीर्घ परिशोधन कार्य के लिए 9.07 करोड का प्रावधान शामिल किया है। इन कार्यों से क्षेत्र की जनता को सुगम यातायात सुविधा का लाभ मिलेगा और विकास को नई गति प्राप्त होगी। यह जानकारी भाजपा के जिला सह मीडिया प्रभारी मनोज सोलंकी कवि ने दी।

### नगर कांग्रेस व ब्लाक कांग्रेस द्वारा आज बस स्टैंड पर मंत्री कैलाश विजयवर्गीय का पुतला दहन किया

**बदनावर.** कल विधानसभा में बजट सत्र के दौरान इंदौर के भागीरथपुर में दूषित जल से हुई मौतो के मामले को लेकर चर्चा करने के लिए समय की मांग कर रहे थे। तभी मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने अपना आपा खो दिया व नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंगार के खिलाफ अमर्यादित शब्दों का प्रयोग कर अभद्र व्यवहार किया। जिसके विरोध में आज प्रदेश कांग्रेस व जिला कांग्रेस के आह्वान पर नगर कांग्रेस व ब्लॉक कांग्रेस के कार्यकर्ताओ द्वारा बदनावर बस स्टैंड पर मंत्री कैलाश विजयवर्गी का पुतला दहन कर इस्तीफे की मांग की।इस मौके पर ब्लांक कांग्रेस अध्यक्ष निरंजनसिंह पंवार नगर कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश होती जिला संगठन महासचिव परितोष सिंह राठौड़, पूर्व नपं अभिषेक टल्ला मोदी, विधायक प्रतिनिधि कैलाश गुप्ता, संदीप महेश्वरी,निर्मल वर्मा,विनोद शर्मा, मनीष बोकाडिया, अतुल बाफना,सजीद खान, जिला युवा कांग्रेस महासचिव यशवर्धन सिंह पंवार, सुरेश चंद द्विवेदी, मुख्तियार अली, दिग्विजय सिंह चुंडावत, उमेश पाटीदार,महेश मुकाती,भेरूलाल वसुनिया,अक्षत चोपड़ा, संदीप चौधरी,शंभू बारीक, सुनील जाट, पहलाद भाई सरपंच, मुशी भाई, सोनू डोडिया, सुरेश माली, गोपाल पटेल मौजूद थे।







# पीथमपुर में दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण हेतु 'प्रोजेक्ट सामर्थ्य' का शुभारंभ









**धार.** दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण को केंद्र में रखकर समावेशी विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल 'प्रोजेक्ट सामर्थ्य' का औपचारिक शुभारंभ पीथमपुर में किया गया।कार्यक्रम में 40 से अधिक दिव्यांगजनों की सक्रिय भागीदारी रही।

साथ ही सामाजिक न्याय विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (ष्टाार्ष्ट) तथा नगर पालिका के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति ने दिव्यांग समावेशन के प्रति मजबूत संस्थागत समर्थन को दर्शाया। शुरुआत प्रतिभागियों के पंजीकरण से हुई। इसके पश्चात मयंक ठाकुर द्वारा स्वागत संबोधन दिया गया। इसके उपरांत नबील सिंह ने प्रोजेक्ट सामर्थ्य का परिचय प्रस्तुत करते हुए बताया कि यह पहल दिव्यांगजनों की सेवाओं तक पहुँच, गतिशीलता एवं सामाजिक समावेशन को सुदृढ़ करने पर केंद्रित है।प्रियंका सिंह (संभव) ने बेसलाइन सर्वे के निष्कर्ष प्रस्तुत करते हुए स्वास्थ्य सेवाओं, सहायक उपकरणों एवं परिवहन से जुड़ी प्रमुख चुनौतियों पर प्रकाश डाला। वहीं ब्रिजस्टोन इंडिया की सीएसआर प्रमुख सुश्री रानू कुलश्रेष्ठ ने प्रोजेक्ट सामर्थ्य के पीछे की दृष्टि साझा करते हुए दिव्यांगजनों के लिए सक्षम, आत्मनिर्भर एवं सम्मानजनक जीवन सुनिश्चित करने की आवश्यकता पर बल दिया। वैभव राउत (ब्रिजस्टोन इंडिया) ने धार जिले में संचालित कंपनी की विभिन्नसीएसआर पहलों की जानकारी दी तथा सतत सामुदायिक विकास के प्रति कंपनी की प्रतिबद्धता दोहराई।

### टीम को पीडब्ल्यूडी परिवहन की चाबी सौंपी

कार्यक्रम का प्रमुख आकर्षण दिव्यांगजनों को सहायक उपकरणों का वितरण एवं प्रोजेक्ट सामर्थ्य टीम को पीडब्ल्यूडी परिवहन वैन की चाबी सौंपना रहा। यह पहल क्षेत्र में दिव्यांगजनों की आवाजाही तथा आवश्यक सेवाओं तक सुलभ पहुँच सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।प्रोजेक्ट सामर्थ्य, पीथमपुर एवं आसपास के क्षेत्रों में दिव्यांगजनों के लिए एक अधिक समावेशी, सुलभ एवं सशक्त वातावरण के निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण और प्रभावी कदम सिद्ध होगा।

## नगरीय चार्ज अधिकारियों का प्रशिक्षण कलेक्टर कार्यालय में आयोजित

**धार ।** जनगणना 2027 का कार्य दो चरणों में संपादित किया जाना है। प्रथम चरण में मकानसूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य मध्यप्रदेश राज्य में 01 मई, 30 मई, 2026 की अवधि में किया जाना है, जिसकी अधिसूचना मध्यप्रदेश के राजपत्र 23 जनवरी, 2026 में प्रकाशित की गई है । जनगणना कार्यों को समय-सीमा में संपादित कराने के लिए राज्य शासन के अधिकारियों का विभिन्न स्तरों पर प्रशिक्षण के निर्देश है।इसी क्रम में 20 फरवरी को चतुर्थ दिवस नगरीय चार्ज अधिकारियों का प्रशिक्षण कलेक्टर कलेक्टर कार्यालय सभाकक्ष में आयोजित किया गया।

जनगणना 2027 के प्रथम चरण के अंतर्गत जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व श्री प्रमोद गुर्जर, जिला योजना अधिकारी श्री परस्ते सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। प्रशिक्षण में प्रशिक्षक श्री सूरज दीपक ब?ने एवं श्री हुकुमचंद पर्वते द्वारा जनगणना कार्यों की बारीकियों की जानकारी विस्तार से दी। प्रशिक्षण में बताया गया कि जिले में दो चरणों में जनगणना का कार्य होगा। पहला चरण 1 मई से 30 मई 2026 के मध्य किया जाएगा। जिसमें मकान का सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य किया जायेगा। वहीं द्वितीय चरण का कार्य फरवरी 2027 में संपन्न होना है। इस बार जनगणना का कार्य डिजिटल रूप से मोबाइल एप के माध्यम से आंक?ों का संकलन कर किया जायेगा, जो भारत की पहली डिजिटल जनगणना होगी। इस बार नागरिकों को अपना जनगणना डेटा स्वयं ऑनलाईन भरने की सुविधा के लिये स्व गणना वेब पोर्टल विकसित किया जा रहा है। प्रशिक्षण के दौरान जनगणना कार्य से जु? महत्वपूर्ण बिंदुओं के साथ-साथ अन्य आवश्यक प्रक्रियाओं की जानकारी अधिकारियों को दी गई। साथ ही, जनगणना कार्य के दौरान संभावित समस्याओं और प्रश्नों पर प्रतिभागियों से चर्चा की गई। प्रशिक्षण में प्रतिभागियों की समस्याओं का समाधान भी किया गया।

### पहला चरण 1 से 30 मई के मध्य किया जाएगा

ज्ञात हो कि राज्य में जनगणना 2027 के प्रथम चरण नकानसूचीकरण एवं मकानों की गणना तथा राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्टर को अद्यतन करने के कार्य के लिये 4 दिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यकम जनगणना कार्य निदेशालय, म.प्र.भोपाल के प्रशिक्षक श्री सूरज दीपक ब?गे एवं श्री हुकुमचंद पर्वते द्वारा जिला स्तर से जनगणना अधिकारी, अतिरिक्त जिला जनगणना अधिकारी, अनुविभागीय जनगणना अधिकारी, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी (एनआईसी), जनगणना लिपिक एवं चार्ज स्तर से चार्ज अधिकारी, अतिरिक्त नार्ज अधिकारी, जनगणना लिपिक को ग्रामीण चार्ज अधिकारियों का जिला जनगणना अधिकारी एवं कलेक्टर श्री प्रियंक मिश्रा की अध्यक्षता में 17 फरवरी 2026 को एवं अपर कलेक्टर श्री संजीव केशव पाण्डेय की अध्यक्षता में 18 एवं 19 फरवरी 2026 को आयोजित किया गया।

भारत की जनगणना, भारत के लोगों की विभिन्न विशेषताओं पर सांख्यिकीय जानकारी का सबसे बड़ा एकल स्रोत है। भारत की जनगणना को दुनिया के सबसे ब? प्रशासनिक कार्यों में से एक माना जाता है। आगामी जनगणना वर्ष 2027 के दौरान की जाएगी जो वर्ष 1872 से 16 वीं एवं स्वतंत्रता के बाद की 8 वीं जनगणना होगी। पिछली जनगणना वर्ष 2011 में हुई थी। जनगणना 2027 में स्व.गणना पोर्टल, मोबाइल एप के माध्यम से आंकडों का संकलन किया जायेगा। इसी क्रम में मकान सूचीकरण ब्लॉक क्रिएटर वेब पोर्टल के माध्यम से मकान सूचीकरण ब्लॉक का सृजन किया जायेगा। जनगणना प्रबंधन और निगरानी प्रणाली वेब पोर्टल के माध्यम से मैनेजमेंट एवं मॉनिटरिंग की जाएगी। इस दौरान जनगणना अधिकारी, अतिरिक्त जिला जनगणना अधिकारी, अनुविभागीय जनगणना अधिकारी, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी, जनगणना लिपिक, नगर जनगणना अधिकारी, चार्ज अधिकार सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

## बदनावर के आम नागरिकों से अपील, शादी व आयोजनों के बाद कचरा न फैलाएं

- आपकी जागरूकता से बचेगी सड़क, पर्यावरण और गौ माता की जान



**बदनावर** फोरलेन ब्रिज के पास शादी व सामाजिक कार्यक्रमों के बाद फैला प्लास्टिक, पत्तल और डिस्पोज़ल कचरा लोगों और पशुओं के लिए बड़ी समस्या बन गया है, हवा और वाहनों की गति से यह कचरा सड़क पर फैल जाता है, जिससे फिसलन और दुर्घटना का खतरा बढ़ जाता है, कचरे को खाने के लिए गौ माता सड़क पर आ जाती हैं, जिससे उनके घायल होने और वाहनों से टकराने की आशंका बनी रहती है, स्थानीय लोगों का कहना है कि ऐसी ही स्थिति बदनावर और आसपास के क्षेत्रों में भी देखने को मिल रही है, जहां जगह-जगह कचरे के ढेर लगे हुए हैं, प्लास्टिक कचरा गौवंश के स्वास्थ्य के लिए घातक होने के साथ-साथ पर्यावरण को भी नुकसान पहुंचा रहा है,

नागरिकों ने मांग की है कि प्रशासन नियमित सफाई कराए, कचरा फैलाने वालों पर कार्रवाई करे और आयोजनों में स्वच्छता की व्यवस्था अनिवार्य बनाए, साथ ही नगर परिषद व सामाजिक संगठनों द्वारा आम नागरिकों को जागरूक करने के लिए विशेष स्वच्छता व पर्यावरण संरक्षण अभियान चलाए जाएं, ताकि लोग शादी व सामाजिक कार्यक्रमों में कचरा न फैलाएं और स्वच्छता का पूरा ध्यान रखें, आम लोगों से भी अपील की गई है कि वे जागरूक बनें और गौ माता व पर्यावरण की सुरक्षा में सहयोग करें, इस संबंध में पार्षद नरेंद्र राठौड़ ने कहा, 卐हम संबंधित अधिकारियों को अवगत कराकर जल्द से जल्द समाधान कराएंगे। और भविष्य में दोबारा ऐसी हरकत न हो। इसके लिए ठोस कदम उठाए जाएंगे।卐 वहीं नगर परिषद सीएमओ लाल सिंह राठौड़ ने बताया, 卐हमने मामले को संज्ञान में ले लिया है। जल्द ही जिम्मेदार लोगों पर कार्रवाई कर समस्या का निराकरण किया जाएगा। और आगे ऐसी लापरवाही न हो। इसके लिए कड़े उपाय किए जाएंगे।

### भारतीय किसान संघ तहसील बदनावर की बैठक मंडी किसान विश्राम गृह में आयोजित

**बदनावर ।** मालवा प्रान्त सहसंगठन मंत्री दिनेश जी शर्मा ,जिला अध्यक्ष यशवंत मुकाती ,अमोल पाटीदार जिला मंत्री ,रणजीत पाटीदार जिला उपाध्यक्ष, कालुसिंह राठौर तेसिल अध्यक्ष बदनावर ,रमेश दाडवी रितेश पाटीदार और बड़ी संख्या में किसान मोजुद थे। संगठन के विस्तार के लिए कार्य योजना बनाई गई साथ ही किसने की समस्याओं पर भी चर्चा की गई बदनावर तहसील में कृषि उपज मंडी में 10टन इलेक्ट्रॉनिक कांटा अनिवार्य रूप से लगाए जावे, और किसानो की उपज इसी पर तुलाई हो और घोड़ा रोज़ कि समास्या को लेकर चर्चा कि अगर घोड़ा रोज़ की समस्या का समाधान नहीं होता है तो 1 में से पुर तहसील में आंदोलन किया जाएगा।, गेहूं पंजीयन में किसने की पंजीयन नहीं हो रहा है इसका सबसे बड़ा कारण है किसने की गिरदावरी नहीं की गई पटवारी और पटवारी के सहायक में उसे जल्द से जल्द करवाया जाए जिससे किसान पंजीयन कर पाएगा, मां नर्मदा का सिंचाई बदनावर तहसील में पाइप लाइन डाली जा रही है उसका काम धीमा चल रहा है उसे पर तीव्रता आना चाहिए नहीं तो भारतीय किसान संघ तहसील में एक बड़ा आंदोलन करेगा।

**एक नजर** — इंदौर संभाग में आगामी सभी त्यौहार गौरवशाली परंपरा के अनुरूप आपसी सद्भाव, शांति एवं सौहार्द के साथ मनाए जाएंगे :संभागायुक्त डॉ. सुदाम खाडे

## संभागायुक्त और आईजी की संयुक्त अध्यक्षता में कानून व्यवस्था एवं सड़क सुरक्षा की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा

**धार। इंदौर संभाग में आगामी सभी त्यौहार गौरवशाली परंपरा के अनुरूप आपसी सद्भाव, शांति एवं सौहार्द के साथ मनाए जाएंगे तथा हर हाल में शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखी जाएगी।**

कानून व्यवस्था के संबंध में संभागायुक्त डॉ. सुदाम खा? और आईजी श्री अनुराग की संयुक्त अध्यक्षता में आज संभागायुक्त कार्यालय में गूगल मीट के माध्यम से समीक्षा बैठक में दी गई। वीडियों कॉन्फ्रेंस बैठक में संभाग के सभी जिलों के कलेक्टर्स एवं पुलिस अधीक्षक एवं संबंधित अधिकारी शामिल हुए। इंदौर से बैठक में पुलिस आयुक्त श्री अनुराग, नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण की अपर संचालक श्रीमती सपना अनुराग जैन, विकास आयुक्त श्री डी.एस. रणदा और उपायुक्त (राजस्व) सपना लोवंशी उपस्थित रहे। धार से कलेक्टर श्री प्रियंक मिश्रा, पुलिस अधीक्षक श्री मयंक अवस्थी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े।





### परंपरागत मार्गो से शांतिपूर्ण तरीके से फाग और गैर यात्रा निकाले

बैठक में आईजी अनुराग जैन ने संभाग की कानून व्यवस्था एवं सड़क सुरक्षा की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि आगामी दिनों में रमजान, भगोरिया, होली, रंगपंचमी, ईद आदि पर्व सभी समुदाय के सहयोग से परम्परानुसार मनाए जाएंगे। निर्देश दिए कि त्यौहारों के दौरान संभाग में सौहार्दपूर्ण वातावरण, शांति एवं कानून व्यवस्था हर हाल में बनी रहे। आवश्यकतानुसार पुलिस बल की तैनाती की जाए तथा यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखते हुए वैकल्पिक मार्गों का निर्धारण किया जाए। साफ-सफाई, पेयजल एवं प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। साथ ही उन्होंने सोशल मीडिया पर विशेष मॉनिटरिंग की जाएगी तथा अफवाह फैलाने वालों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही करने को कहा है। सीसीटीवी एवं ड्रोन कैमरों के माध्यम से निगरानी की जाएगी। उन्होंने कहा कि संभाग के सभी जिलों में जनजातीय समाज का मुख्य पर्व भगोरिया एक सप्ताह से अधिक समय तक हर्षोल्लास से मनाया जाता है। भगोरिया मेले को बाहरी प्रदेशों से भी बड़ी संख्या में नागरिक आते है। हाट बाजारों में भीड उमडती है। अतरू महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा को सुनिश्चित किया जाए। संभाग के सभी जिलों में होली और रंगपंचमी पर भी धूम रहती है। होलिका दहन चिह्नित स्थानों पर किया जाए। शांति समिति की बैठक में ग्राम सुरक्षा समितियों का भी सहयोग लिया जाए। परम्परागत सड़क मार्गों तथा शांतिपूर्ण तरीके से ही फाग और गेर यात्रा निकाली जाए। सभी नागरिक मिल-जुल कर त्यौहार मनाए। किसी भी भ्रामक सूचना पर ध्यान न दें। रमजान माह के दौरान मस्जिदों एवं बाजार क्षेत्रों में व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएंगी। साफ-सफाई, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था और यातायात प्रबंधन पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

डॉ. सुदाम खाडे ने कहा कि धार, बडवानी, खरगोन और आलीराजपुर में सरदार सरोवर परियोजना के अंतर्गत डूब प्रभावित क्षेत्रों के भू-धारकों को भूमि आवंटन की रजिस्ट्री की जाए। साथ ही संभाग के सभी जिलों में सीमांकन, नामांकन, बटवारे के साथ राजस्व प्रकरण के निराकरण में तेजी लाए। राजस्व वसूली समय सीमा में करें। संभागायुक्त डॉ. खाडे ने निर्देश दिए कि संकल्प से समाधान अभियान का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए। यह सुनिश्चित किया जाए कि हर पात्र व्यक्ति को उसकी पात्रता के अनुसार शासकीय योजनाओं और कार्यक्रमों का लाभ मिले। हितग्राहियों के चयन के लिए ग्राम पंचायत से लेकर नगर निगम और नगर परिषदों में शिविर आयोजित किए जा रहे हैं।